लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोकसभा अध्यक्ष ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 26 जुलाई 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा, "अपनी संकल्प शक्ति के बल पर जवानों ने, दुनिया के सबसे दुर्गम रणक्षेत्रों में से एक, कारगिल में दुश्मन पर विजय की वह अजर-अमर गाथा लिखी, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी। हम उनके समर्पण को याद करते हुए देश हित में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के संकल्प को दोहराते हैं। ”

कारगिल युद्ध 1999 में भारतीय ज़मीन में पाकिस्तानी घुसपैठ के खिलाफ लड़ा गया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने अनुकरणीय साहस और वीरता दिखाते हुए दुश्मन के नापाक मंसूबों को मुंह तोड़ जवाब दिया।